## कार्यपत्र-6

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) किस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रयोग जातिवाचक संज्ञा के रूप में हुआ है?

(i) आज हरिश्चंद्रों की तो दुर्गति ही है। ✓

(ख) किस वाक्य में जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञा के रूप में हुआ है?

(iii) पंडित जी देश के पहले प्रधानमंत्री थे। ✓

(ग) 'कहना' क्रिया शब्द से सही भाववाचक संज्ञा बनेगी– (ii) कहावत ✓

(घ) 'अतिथि' जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा क्या बनेगी? (iii) आतिथ्य ✓

(ङ) 'डॉक्टर' शब्द क्या है? (i) जातिवाचक संज्ञा ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं। इसके तीन भेद हैं– व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा, भाववाचक संज्ञा।

(ख) जातिवाचक संज्ञा के दो भेद हैं– 1. समूहवाचक संज्ञा, 2. द्रव्यवाचक संज्ञा।

1. जो संज्ञा शब्द किसी समुदाय या समूह का बोध कराते हैं, वे समूहवाचक संज्ञा कहलाते हैं। जैसे– भीड़, झुंड आदि।
2. किसी पदार्थ अथवा द्रव्य का बोध कराने वाले शब्दों को द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे– सोना, चाँदी आदि।

**3. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | गोदान | व्यक्तिवाचक संज्ञा | (ख) | कवि | जातिवाचक संज्ञा |
| (ग) | अंशुल | व्यक्तिवाचक संज्ञा | (घ) | निर्धनता | भाववाचक संज्ञा |
| (ङ) | विंध्याचल | व्यक्तिवाचक संज्ञा | (च) | चाँदी | द्रव्यवाचक संज्ञा |
| (छ) | सजावट | भाववाचक संज्ञा | (ज) | पुस्तकालय | जातिवाचक संज्ञा |

**4. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मिलना | मिलाप | (ख) | चतुर | चतुराई |
| (ग) | स्त्री | स्त्रीत्व | (घ) | स्वामी | स्वामित्व |
| (ङ) | पंडित | पंडिताई | (च) | उलझना | उलझन |
| (छ) | विशिष्ट | विशिष्टता | (ज) | लड़का | लड़कपन |

**5. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द रेखांकित करके भेद लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | उसे बुढ़ापा आ गया है। | भाववाचक संज्ञा |
| (ख) | मानवी अपनी पुस्तक माँग रही है। | व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा |
| (ग) | बाज़ार के आगे से जुलूस निकल रहा है। | जातिवाचक संज्ञा |
| (घ) | यह लोटा पीतल का है। | जातिवाचक संज्ञा, द्रव्यवाचक संज्ञा |
| (ङ) | हम सभी को शांति बनाए रखनी चाहिए। | भाववाचक संज्ञा |

(च) रौनक मंदिर गया है। — व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा

(छ) हमें अहंकार नहीं करना चाहिए। — भाववाचक संज्ञा

(ज) भेड़ों का झुंड आ रहा है। — जातिवाचक संज्ञा, समूहवाचक संज्ञा

**6. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) गिरावट — आज तेल के दामों में कुछ गिरावट आई है।

(ख) शीघ्रता — तुम्हें शीघ्रता से उनके पास जाना चाहिए।

(ग) ताँबा — वह बाज़ार से ताँबे के बर्तन लाया।

(घ) कावेरी — कावेरी पढ़ रही है।

(ङ) पुस्तक — वह पुस्तक मेरी है।

(च) परिणाम — कल दसवीं की परीक्षा का परिणाम आएगा।

(छ) गहराई — तुम्हें इस विषय पर गहराई से सोचना चाहिए।

(ज) सज्जनता — मोहन की सज्जनता सभी को प्रभावित करती है।